www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

बरेली, शनिवार, 4 अप्रैल 2026


सुविचार



लोग कहते हैं कि पैसा खुशियों की चाबी नहीं है, पर मैंने हमेशा पाया है कि यदि आपके पास पैसा है तो आप एक चाबी बनवा सकते हैं।

-जोन रिवर्स


बरेली के प्रमुख समाचार

- टैक्स चोरी में जायसवाल ब्रदर्स की करोड़ों की संपत्ति कुर्क-II
- एआई से इतना बतियाए, मनोरोगी बन अस्पताल आए-III
- हिमाचल फिर चैम्पियन, यूपी की बेटियों ने भी जीते दिल -IV


सिटी ब्रीफ

### छात्रवृत्ति को बच्चे काट रहे दफ्तर के चक्कर

**बरेली, अमृत विचार** : छात्रवृत्ति की आस लगाए छात्र-छात्राएं इन दिनों समाज कल्याण विभाग के चक्कर काटने को मजबूर हैं। किसी का फार्म स्कूल या कॉलेज स्तर पर अधूरा रह गया है तो किसी की फाइल विभाग में अटकी हुई है। समाज कल्याण विभाग के बाहर रोजाना सुबह से ही छात्रों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। छात्र बताते हैं कि उन्होंने समय से आवेदन किया था, लेकिन छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण उनकी छात्रवृत्ति अटक गई है। देवरनिया से आए छात्र दिनेश का कहना है कि उन्होंने समय से पूरा फार्म सही से भरा था। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि छात्रवृत्ति की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। रोजाना बड़ी संख्या में छात्रों के खाते में रुपये जा रहे हैं। जिन छात्रों के आवेदन में कमी है, उन्हें शीघ्र सुधार करने को कहा है। अधिकांश मामलों का समाधान कर लिया गया है और इसी सप्ताह में सभी छात्रों को छात्रवृत्ति जारी कर दी जाएगी।

### प्रधान-सचिव ने नहीं दिया नोटिस का जवाब

**बरेली, अमृत विचार** : विकास खंड भदपुरा की ग्राम पंचायत मटकापुर में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितताओं को लेकर नोटिस का प्रधान और सचिव की ओर से जवाब नहीं आया है। ग्राम ब्राहिमपुर मजरा में पंचायत घर से तालाब तक बनाए गए नाले के कार्य में मजदूरी भुगतान को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि श्रमिकों की जगह ग्राम प्रधान के परिजनों के खातों में धनराशि भेजी। जांच में कार्य किए बिना उनके खातों में 9660-9660 रुपये का भुगतान पाया गया। वहीं, हैंडपंप रिबोर के मामले में भी गड़बड़ी पाई गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि नोटिस का जवाब नहीं आया है, जल्द ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### मच्छरों से परेशान फॉगिंग कराने की मांग

**क्योलड़िया/ बरेली, अमृत विचार** : भदपुरा ब्लॉक में मच्छरों का आतंक है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांवों में फॉगिंग कराने की मांग की है। अफसरों का दावा है कि मच्छरों से बचाव के लिए गांवों में फॉगिंग कराई जा रही है। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि घरों के आसपास साफ सफाई का विशेष ध्यान दें।

# गरज-चमक के साथ तेज हवाओं का अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जिले में मौसम का मिजाज बदल रहा है। शुक्रवार सुबह शहर में घने बादल छाए रहे। सूरज की लुका-छिपी ने तपिश से राहत दी। देर रात बूंदाबांदी भी शुरू हो गई। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन में बरेली समेत आसपास के जिलों में में आंधी, ओलवृष्टि के साथ मध्यम बारिश हो सकती है।

शहर का अधिकतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट बाद 31.5 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि दक्षिणी अफगानिस्तान और पाकिस्तान के आसपास सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर बरेली सहित अन्य जिलों में दिख रहा है। इसके चलते 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। कुछ स्थानों पर विंड स्पीड 70 किमी तक पहुंच सकती है। इसके प्रभाव से तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक और गिरावट दर्ज होने की संभावना है। 4 अप्रैल को विक्षोप का अधिकतम प्रभाव रहने की चेतावनी जारी है। 6 अप्रैल को मौसम शुष्क रह सकता है। 7 से 9 अप्रैल के बीच फिर से आंधी-बारिश का दौर झेलना पड़ सकता है। देर रात शहर में बूंदाबांदी शुरू होने से मौसम की भविष्यवाणी को बल मिला है।

### तापमान बदलने से बच्चों की सेहत पर खतरा

**बरेली, अमृत विचार** : मौसम के लगातार बदलते मिजाज का असर अब बच्चों की सेहत पर साफ दिखाई देने लगा है। जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में 28 बच्चों को डायरिया और वायरल संक्रमण के चलते भर्ती कराया गया है। बीते कई दिनों से तापमान में उतार-चढ़ाव और बदलते मौसम के कारण बच्चों की इम्युनिटी कमजोर हो रही है, जिससे वे तेजी से संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। एडीएसआईसी रमेश चंद्र दीक्षित ने बताया कि भर्ती बच्चों में डायरिया के साथ-साथ बुखार, उल्टी और सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण भी देखे जा रहे हैं। सभी की स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि अभिभावक बच्चों के खान-पान में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बाहर का खाना और दूषित पानी से परहेज करें। बच्चों को साफ पानी पिलाएं और हाथ धोने की आदत जरूर डालें। बच्चे की तबीयत बिगड़ती है या लगातार उल्टी-दस्त, बुखार जैसे लक्षण दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### मौसम बेईमान



मौसम भी जैसे इंसानों के साथ डबल गेम कर रहा है, एक तरफ अप्रैल में सूरज की तपिश से राहत दे रहा है तो दूसरी ओर खेत-खलिहानों में मौजूद गेहूं की फसल से साल भर सुख-चैन की उम्मीदें लगाए अन्नदाताओं की चिंता बढ़ा रहा है, कहीं ओलवृष्टि तो कहीं से अंधड़-बारिश की खबरें आ रही हैं। वैज्ञानिक कह रहे हैं कि अगले सात दिन कुदरत कई तरह की तस्वीरें दिखाने वाली है ! ● अमृत विचार

# बत्ती नहीं होगी गुल, सप्लाई मिलेगी फुल

## बरेली सहित कई जिलों में अफवाहों का पावर कारपोरेशन ने किया खंडन, सुचारू रहेगी बिजली आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता बरेली

- कई जिलों में फैली पावर कट की अफवाह, दफ्तरों में घनघनाए फोन
- चीफ इंजीनियर बोले, अफवाहों पर भरोसा न करे जनता



**अमृत विचार:** यूपी पावर कारपोरेशन के नाम से सोशल मीडिया पर वायरल किए गए गलत मैसेज ने शुक्रवार को राज्य के कई जिलों में बिजली अफसरों की नींद उड़ा दी। पहाड़ों पर बारिश-तूफान और यूपी में कई स्थानों पर मौसमी उतार-चढ़ाव के बीच अफवाह फैलाई गई कि शुक्रवार रात 10 बजे से शनिवार दोपहर 2 बजे तक बिजली गुल रहेगी। अफवाहों की रेल शहर से देहात तक इतनी तेज दौड़ी कि पब्लिक में बेचैनी के चलते पूरा पावर सिस्टम उलझन में पड़ गया। उपभोक्ताओं को सच बताने के लिए आखिर में बरेली के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश को मोर्चा संभालना पड़ गया।

चीफ इंजीनियर ने 16 घंटे पावर कट की अफवाहों का खंडन करते हुए कहा है कि बिजली गुल होने की खबरें पूरी तरह निराधार हैं। रोज की तरह जिले में सुचारू बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। दरअसल, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के आरएमएस बिलिंग प्रणाली के मेंटेनेंस के कारण बिल भुगतान, स्मार्ट मीटर रिचार्ज और लोड वृद्धि (केवल ऑनलाइन सेवाएं) तीन अप्रैल शाम पांच बजे से चार अप्रैल की सुबह 9 बजे तक बाधित रहेंगी। इसका बिजली की सप्लाई से कोई संबंध नहीं है।

मुख्य अभियंता ने अपील की है कि सोशल मीडिया पर चल रहे भ्रामक संदेशों पर बिल्कुल ध्यान न दें। मेंटेनेंस का काम सिर्फ डिजिटल पोर्टल को बेहतर बनाने के लिए है, न कि बिजली काटने के लिए। सप्लाई जारी रहेगी। किसी भी तकनीकी समस्या या जानकारी के लिए उपभोक्ता टोल-फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह 9 बजे के बाद सभी ऑनलाइन सेवाएं फिर से बहाल हो जाएंगी।



बिजली कटौती को लेकर किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। आपूर्ति सुचारू रहेगी, सिर्फ ऑनलाइन प्रक्रिया बाधित रहेगी, जिसका बिजली आपूर्ति से किसी तरह का कोई सम्बंध नहीं है।

**- ज्ञान प्रकाश**, चीफ इंजीनियर बिजली

### डीडीपुरम: गढ्डे खोदकर चलते बने ठेकेदार

**बरेली, अमृत विचार** : सेटेलाइट बस स्टैंड पर नाले में गिरकर ट्रक चालक की मौत के बाद भी नगर निगम के अधिकारियों ने सबक नहीं सीखा है। नगर निगम शहर भर के खुले नालों के किनारे सुरक्षा रेलिंग लगाने का दावा कर रहा है, दूसरी तरफ मुख्यमंत्री सीएम ग्रिड के तहत डीडीपुरम में सड़क चौड़ीकरण का कार्य जनता के लिए जी का जंजाल बन गया है। ठेकेदार की ओर से बिना किसी पुख्ता सुरक्षा इंतजाम के बेतरतीब तरीके से सड़क की खोदाई कर गहरे गड्ढे छोड़ दिए गए हैं। ये गड्ढे किसी बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं। डीडीपुरम में जगह-जगह सड़कों का हाल यह है कि सड़क किनारे गहरी ट्रेंच खोदकर बिजली की पुरानी और नई केबलें खुली छोड़ दी गई हैं, इसके पास से ही पानी की पाइपलाइन भी गुजर रही है। खुले मलबे और ट्रेंच के कारण दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और बच्चों के गिरने का खतरा हर वक्त बना रहता है। अफसर इस ओर देख नहीं रहे। अति व्यस्त इलाके में कहीं भी बेरिकेडिंग या चेतावनी बोर्ड तक नहीं लगाए गए हैं। मलबे और मिट्टी के ढेर दिख रहे हैं।



हादसे को दावत देता गड्ढा। ● अमृत विचार

सीएम ग्रिड योजना के तहत शहर का विकास प्राथमिकता है। डीडीपुरम क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी और बेरिकेडिंग न होने की शिकायतें गंभीर हैं। संबंधित ठेकेदार को धूल कम करने के लिए नियमित छिड़काव और खुले गड्ढों को ढकने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

**-संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

# किसानों की नजर आसमां पर गेहूं क्रय केन्द्रों पर सन्नाटा



मंडी समिति में सूना पड़ा गेहूं क्रय केन्द्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद का आगाज तो हो गया है, लेकिन क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा है। किसानों की नजरें आसमान की ओर टिकी हैं बेमौसम बारिश की आहट ने एक बार फिर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

इस समय बारिश हुई, तो कटाई के लिए तैयार और खेतों में पड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंच सकता है। पिछले सप्ताह हुई बरसात के कारण गेहूं में अभी भी नमी बनी हुई है, जिससे किसान उपज लेकर केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। किसानों की सुविधा के लिए पीसीयू, पीसीएम समेत छह एजेंसियों के 107 क्रय केंद्र और 13 मोबाइल क्रय केंद्र स्थापित किए हैं, लेकिन खराब मौसम के डर से फिलहाल आवक शून्य बनी हुई है। अब तक करीब छह हजार किसानों ने पंजीकरण कराया है, जो मौसम साफ होने और फसल के पूरी तरह सूखने का इंतजार कर रहे हैं।

अफसरों का कहना है कि खेतों में गेहूं की कटाई और मड़ाई का काम जोरों पर है, लेकिन बदलते मौसम ने किसानों के माथे पर बल डाल दिए हैं। इस बार सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,585 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जो पिछले साल की तुलना में 160 रुपये अधिक है। वर्तमान में बाजार भाव सरकारी रेट से कम है।

शहर में आज

- आर्ट ऑफ लिविंग बरेली चैप्टर की ओर से श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा के संबंध में सरस्वती शिशु मंदिर, रामपुर गार्डन में प्रेस कॉन्फ्रेंस, दोपहर 2 बजे
- पंजाबी सेवा कल्याण समिति की ओर से पंजाबी विवाह परिचय सम्मेलन के संबंध में लोक खुशहाली सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस 12 बजे।
- समस्त बेसिक शिक्षा परिवार की तरफ से स्कूल चलो अभियान एवं प्रवेश उत्सव के संबंध में अर्बन हाट के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे।
- एसआरएमएस में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 6 का आयोजन दोपहर 1:30 बजे।
- फ्यूचर यूनिवर्सिटी में फ्यूचर फीस्टा 2026-नवरंग कार्यक्रम के दो दिवसीय आयोजन में पहले हाई एनर्जी डीजे नाइट शाम 4 बजे।

# रामायण वाटिका में बनेगी पार्किंग, निर्माण जल्द

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार** : शहर के धार्मिक और पर्यटन मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली 'रामायण वाटिका' में आने वाले पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है।

नगर निगम और बीडीए ने वाटिका का उद्घाटन होने के बाद यहां वाहनों के बढ़ते दबाव को देखते हुए एक व्यवस्थित पार्किंग निर्माण का निर्णय लिया है। योजना के अनुसार, यहां लगभग 300 वाहनों (दोपहिया और चार पहिया) को एक साथ पार्क करने की व्यवस्था की जाएगी। अधिकारियों का मानना है कि रामायण वाटिका के बाहर सड़क किनारे वाहन खड़े होने से जाम की स्थिति से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पार्किंग क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों और लाइटिंग की भी समुचित व्यवस्था होगी।

बीडी वीसी डा. ए. मनिकंडन का कहना है इस सुविधा से न केवल यातायात सुचारू होगा, बल्कि वाटिका की सुंदरता और सुरक्षा में भी निखार आएगा। जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

# मेगा प्लान: बरेली मंडल बनने जा रहा नया रेल हब

**बरेली, अमृत विचार:** रेलवे ने अपने नेटवर्क मजबूत करने की दिशा में बड़े कदम उठा रही है। बरेली और आसपास के क्षेत्र में मेगा प्लान पर काम करते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर को विस्तार दिया जा रहा है। रोजा-मुरादाबाद रेलखंड में तीसरी और चौथी लाइन बिछाने के लिए लोकेशन सर्वे को मंजूरी दे दी गई है। नई लाइन बिछने से ट्रेनों की संख्या बढ़ेगी। बरेली से अलीगढ़ जंक्शन के बीच चंदौसी मार्ग (167.74 किमी) पर दोहरीकरण के लिए भी फाइनल सर्वे को हरी झंडी मिली है। वहीं, सीतापुर-पीलीभीत-बरेली रेलखंड (212.3 किमी) के दोहरीकरण का सर्वे भी प्रस्तावित है। भीरा से मैलानी (16 किमी) के बीच गेज परिवर्तन के लिए लोकेशन सर्वे को मंजूरी दी गई है। इससे क्षेत्र में रेल सेवाएं बढ़ेंगी।

# बाढ़ का खतरा, 160 गांव में निर्माण पर रोक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एनआईएच रुड़की के फ्लड जोन एरिया का सीमांकन कार्य पूरा करने के बाद निर्माण पर रोक लगाई गई
- मुरादाबाद बाढ़ खंड ने रामगंगा नदी के फ्लड जोन एरिया में शामिल गांवों का प्रस्ताव शासन को भेजा



बरेली जिले में डेढ़ सौ से अधिक गांवों में बाढ़ का जोखिम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रामगंगा नदी किनारे के करीब 160 गांवों में बाढ़ का जोखिम बना हुआ है। भविष्य में इन गांवों को नगर निगम या निकायों में शामिल नहीं कर सकेंगे। निर्माण पर भी रोक लगा दी गयी है। सभी गांव रामगंगा नदी के फ्लड जोन एरिया में शामिल किये हैं। एनआईएच (नेशनल इंस्टीट्यूट हाइड्रोलॉजी) रुड़की के फ्लड जोन एरिया का सीमांकन कार्य करने के बाद जिला पर्यावरण समिति की बैठक में चर्चा कर डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर इन गांवों में निर्माण कार्य प्रतिबंधित किए गए हैं। मुरादाबाद बाढ़ खंड ने कार्ययोजना शासन को भेज दी है।

दरअसल, जिले की तहसील सदर, मीरगंज, फरीदपुर, आंवला के 160 गांवों को रामगंगा की बाढ़ के जोखिम में माना गया है। बाढ़ की तबाही रोकने के उद्देश्य से नदी किनारे फ्लड जोन एरिया बनाया है। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता नीरज कुमार लांबा की ओर से सभी उप जिलाधिकारियों को फ्लड जोन एरिया की प्रारंभिक रिपोर्ट पहले ही भेजी जा चुकी है। इस कार्य को मुरादाबाद बाढ़ खंड देख रहा है। मुरादाबाद बाढ़ खंड ने नेशनल इंस्टीट्यूट हाइड्रोलॉजी रुड़की से फ्लड प्लेन एरिया का सीमांकन कार्य पूरा कराया। सीमांकन कार्य की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर बरेली बाढ़ खंड ने बीडीए को पत्र भेजा था। जिसमें बीडीए को जानकारी दी गयी कि फ्लड जोन में शामिल किए गए गांवों में भविष्य में नयी टाउनशिप बसाने की योजना तैयार न करें। नगर निगम को इन गांवों में अपनी सीमा में शामिल कर शहरीकरण न करने के लिए कहा गया।

गांवों का सत्यापन कार्य पूरा हो चुका है। प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर इन गांवों में नये निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी है। तीन दिन पहले कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक में डीएम से इस पर चर्चा हुई। डीएम ने शासन से अनुमति मिलने तक फ्लड जोन में शामिल गांवों में निर्माण कार्य प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए। एसडीएम को निगरानी करने के लिए कहा है।

**- नीरज कुमार लांबा, इधर**, अधिशासी अभियंता, बाढ़ खंड बरेली

उपलब्धि

**ऑल इंडिया रैंकिंग में टॉप-10 में हुआ शामिल, सुरक्षा और सुविधा में भी मारी बाजी**

# इज्जतनगर रेल मंडल ने भरी उड़ान, रिकॉर्ड इनकम बनी पहचान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीनियर डीसीएम और एडीआरएम ने प्रेस वार्ता कर वित्तीय वर्ष 2025-26 के आंकड़े रखे

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे का इज्जतनगर मंडल परफॉर्मेंस हब के रूप में उभर कर सामने आया है। राजस्व और यात्रियों की संख्या व सुविधाओं में मंडल ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। डीआरएम कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एडीआरएम और सीनियर डीसीएम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के जो आंकड़े पेश किए, वह मंडल की बदलती तस्वीर की तस्दीक करते हैं।

अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) मनोज कुमार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की इज्जतनगर मंडल की ऐतिहासिक उपलब्धियां साझा करते हुए बताया कि मंडल ने इस वर्ष न केवल अपनी अखिल भारतीय रैंकिंग में सुधार किया है, बल्कि आय के नए रिकॉर्ड भी स्थापित किए हैं। अखिल भारतीय स्तर पर मंडल ने 9वां स्थान हासिल किया है, जो वर्ष 2019 के बाद से अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। समयबद्धता और उत्कृष्ट परिचालन के कारण मंडल ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। सीनियर डीसीएम संजीव कुमार ने बताया कि मंडल का राजस्व बढ़कर 560.19 करोड़ तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 3.81 प्रतिशत अधिक है। यात्रियों के भरोसे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस वर्ष कुल 6.9 करोड़ (69 मिलियन) यात्रियों ने इज्जतनगर मंडल की सेवाओं का लाभ उठाया। यात्री आय में भी 4.35 प्रतिशत का उछाल देखा गया, जिससे यह 365.46 करोड़ के पार पहुंच गई है। इसके अलावा, माल ढुलाई से मंडल को 161.66 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि बिना टिकट यात्रा और अन्य अनियमितताओं पर सख्ती बरतते हुए 20.03 करोड़ की वसूली की गई है।



उपलब्धियां गिनाते एडीआरएम और सीनियर डीसीएम। ● अमृत विचार

एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी और सुगम हुई है। डिजिटल इंडिया की दिशा में कदम बढ़ाते हुए ''यूटीएस ऑन मोबाइल'' ऐप के जरिए होने वाली बुकिंग में 34.42 प्रतिशत की आय वृद्धि दर्ज की गई। कुछ नई ट्रेनों की डिमांड भेजी गई है। वंदे मातरम के लिए कुछ ओर स्टेशन अपग्रेड किए जा रहे हैं। एडीआरएम मनोज कुमार ने कहा कि कुल मिलाकर यह उपलब्धियां इज्जतनगर मंडल की पूरी टीम के उस साझा प्रयास का परिणाम हैं, जिसने सुविधा और शुचिता को रेल सेवा का पर्याय बना दिया है।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का दिल्ली कूच

**बरेली, अमृत विचार** : टेट अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली में शामिल होने के लिए शुक्रवार शाम सैकड़ों शिक्षक बसों, ट्रेनों और निजी वाहनों से रवाना हो गए।

शिक्षक संगठनों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के फैसले, जो एनसीटीई के सर्कुलर पर आधारित है, के तहत टेट को अनिवार्य किए जाने से शिक्षकों में भारी नाराजगी है। प्राथमिक शिक्षक संघ के नेता हरीश बाबू शर्मा ने कहा कि आरटीई से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टेट थोपना गलत है। बरेली महानगर अध्यक्ष अरुणेश शर्मा ने बताया कि बड़ी संख्या में शिक्षक रैली में शामिल होंगे।

# पार्षद उठा रहे शोर, गांधी प्रतिमा के आगे कूड़े के ढेर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** चौकी चौराहा पर स्थापित ऐतिहासिक गांधी पार्क बदहाली पर आंसू बहा रहा है। सफाई व्यवस्था के अभाव और कूड़े के ढेर में तब्दील इस पार्क ने नगर निगम के स्वच्छता दावों की पोल खोली दी है। पार्षद जयप्रकाश राजपूत ने डीएम और नगर आयुक्त को शिकायती पत्र भेजा है।

पार्षद ने वीडियो साझा करते हुए कहा कि विडंबना ही है कि जिन महापुरुष ने पूरी दुनिया को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया, उनके नाम पर बने पार्क में ही गंदगी है। सूखे पत्तों के ढेर और कचरा पड़ा रहता है। नेताओं और अधिकारियों की गांधी भक्ति केवल उनकी जयंती तक सीमित होकर रह गई है। बापू और उनके स्वच्छ भारत के सपने को भुला दिया जाता है। पार्क की इस दुर्दशा से सुबह भ्रमण पर आने वाले लोगों में भी नाराजगी है। पार्षद ने प्रशासन से मांग की है गांधी पार्क की नियमित सफाई कराने के साथ सौंदर्यीकरण किया जाए। उन्होंने आंदोलन की भी चेतावनी दी।



न्यूज ब्रीफ

## दुकानों पर काम करते मिले छह बाल श्रमिक संचालकों को नोटिस

**भुता, अमृत विचार :** श्रम परिवर्तन अधिकारी राकेश कुमार ने गुरुवार को कस्बे में दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान राजू ऑटोमोबाइल्स, सिदरा फर्नीचर हाउस, विजयपाल ऑटो सर्विस, ऑटो सर्विस सेंटर समेत कई प्रतिष्ठानों पर बच्चे काम करते मिले। कुल छह बच्चे ऐसे सामने आए। श्रम परिवर्तन अधिकारी संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह मामला बाल श्रम निषेध कानूनों का उल्लंघन है, जो कि किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## महिलाओं पर टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं और बच्चियों पर टिप्पणी करने के मामले में युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नाजिम निवासी वार्ड छह बताया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रमोद कुमार, यशपाल सिंह, महिला कांस्टेबल सपना राजपूत आदि शामिल रहे।

## युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**बहेड़ी, अमृत विचार :** एक महिला ने युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग की बात सामने आई। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच करने की बात कह रही है। थाना क्षेत्र की एक महिला ने युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

## शादी का झांसा दे किया शोषण, मुकदमा दर्ज

**शीशगढ़, अमृत विचार :** युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से संबंध बनाए। बाद में शादी करने से इन्कार कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि घर के पास में रहने वाले युवक ने उनकी पुत्री को प्रेम जाल में फंसाकर शादी का झांसा दिया। बाद में शादी से मुकर गया।

# टैक्स चोरी में जायसवाल ब्रदर्स की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

## सहारनपुर डीएम के आदेश पर प्रशासन ने मनोज जायसवाल, भाई नीरज सहित तीन पर कसा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अनेजा ग्रदर्स की संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई करती टीम। ● अमृत विचार

- सहारनपुर की टपरी डिस्टलरी में पकड़ी थी टैक्स चोरी
- गैंग लीडर प्रणय अनेजा सहित कई पर लगा था गैंगस्टर
- एसीएम प्रथम ने तहसील टीम के साथ कुर्क की संपत्ति

**अमृत विचार:** सहारनपुर की टपरी डिस्टलरी में करोड़ों की टैक्स चोरी, मनी लॉड्रिंग और अवैध धन अर्जित करने के मामले में बड़ा एक्शन देखने को मिला है। सहारनपुर डीएम की ओर से गैंगस्टर एक्ट में संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए गए थे। जिसके बाद बरेली प्रशासन ने तहसील टीम भेजकर आरोपी मनोज जायसवाल, भाई नीरज जायसवाल व साथी अजय जायसवाल की करीब 48.49 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां कुर्क कर लीं हैं।

टपरी डिस्टलरी कांड में सहारनपुर पुलिस ने प्रणय अनेजा सहित बरेली के ग्रीन पार्क निवासी मनोज जायसवाल, भाई नीरज जायसवाल, थाना भमौरा क्षेत्र के ग्राम बल्लिया के रहने वाले एवं हाल में बन्नूवाल कालोनी, इज्जतनगर रहने वाले अजय जायसवाल सहित 27 लोगों के खिलाफ गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत कार्रवाई की थी। सहारनपुर डीएम ने गिरोह के सदस्यों की संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए थे। उसी क्रम में डीएम अविनाश सिंह ने आरोपियों की संपत्ति को कुर्क करने के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम को प्रशासक नामित कर प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिये। शुक्रवार को एसीएम प्रथम के नेतृत्व में राजस्व एवं थाना बारादरी की टीम के साथ हरुनगला स्थित कृषि भूमि रकबा 948 वर्गमीटर भूमि (बाजार कीमत 18012000 रुपये), आवासीय प्लाट रकबा 84.44 वर्गमीटर भूमि ग्राम हरुनगला (बाजार कीमत 2910000 रुपये) आवासीय प्लाट रकबा 86.95 वर्गमीटर भूमि (बाजार कीमत 30 लाख), व्यवसायिक भूखंड रकबा 3932.45 वर्गमीटर भूमि, योजना संख्या 7 सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड पर (बाजार कीमत 461030000 रुपये) की संपत्ति कुर्क कर ली। जिसे प्रभारी निरीक्षक थाना बारादरी की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

बता दें कि 2021 में को-ऑपरेटिव कम्पनी लिमिटेड, टपरी (सहारनपुर) में टैक्स चोरी करने का सौ करोड़ से ज्यादा का घोटाला सामने आया था। इसमें एमडी गैंग लीडर प्रणय अनेजा ने मनोज जायसवाल, नीरज जायसवाल, अजय जायसवाल, अरविंद कुमार, अशोक दीक्षित के साथ गिरोह बनाकर टपरी में सरकार को राजस्व की भारी क्षति पहुंचाई थी। अभिलेखों में फर्जीवाड़ा कर जीपीएस, सीसीटीवी उपकरणों में छेड़छाड़ कर बड़ी मात्रा में एक्साइज, जीएसटी एवं आयकर की चोरी कर मनी लॉड्रिग आदि अवैध कार्यों से अवैध धन अर्जित कर चल व अचल संपत्तियां खरीदीं थीं।

## अकरम सहित सात तस्कर माफिया गिरोह के रूप में चिन्हित

**बरेली, अमृत विचार:** नशे की तस्करी को लेकर पुलिस के तेवर सख्त हैं। लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फतेहगंज पश्चिमी के अकरम और उसके कुनबे को माफिया गिरोह के रूप में चिन्हित किया है।

प्रभारी निरीक्षक इज्जतनगर की रिपोर्ट पर अकरम पुत्र बाबू को जनपद स्तर पर गैंग लीडर घोषित करते हुए पुलिस ने गिरोह के छह अन्य सदस्यों आसिफ, हारून, जावेद, राशिद, अफजाल मुल्ला और उस्मान कुरैशी की कुंडली खंगाल कर माफिया सूची में शामिल किया गया है।

एसएसपी अनुराग आर्य का कहना है कि पुलिस की इस सख्त कार्रवाई का मकसद जनपद में जघन्य अपराधों और ड्रग्स तस्करी के सिंडिकेट को पूरी तरह ध्वस्त करना है। अब पुलिस इन माफियाओं की अवैध संपत्तियों और उनके नेटवर्क पर कड़ा प्रहार करने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि जनपद में अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## दूल्हे को गर्लफ्रैंड संग देख दुल्हन गुस्साई, बरात लौटाई

संवाददाता, हाफिजगंज

- घंटों चलती रहीं समझौते की कोशिशें, नहीं सुलझा विवाद
- लड़की पक्ष ने लौटाया सामान पुलिस को खबर नहीं

**अमृत विचार :** बरातघर में चल रहे शादी समारोह के दौरान दूल्हे को उसकी गर्लफ्रैंड के साथ घूमता देखकर विवाद खड़ा हो गया। नाराज लड़की पक्ष ने निकाह से साफ इंकार कर दिया। इससे अफरा-तफरी मच गई। दोनों पक्षों के बीच घंटों सुलह करने की कोशिशें लोग कराते रहे, मगर विवाद नहीं सुलझा। बिना आखिरकार बिना निकाह के ही दूल्हे को लौटना पड़ा। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

थाना क्षेत्र की एक युवती का रिश्ता भोजीपुरा क्षेत्र के एक गांव के युवक के साथ तय हुआ था। बरातघर में शादी समारोह का कार्यक्रम रखा गया था। शुक्रवार को दूल्हा बरातियों के साथ दुल्हन की चौखट पर पहुंचा। पूरे गांव में बरात घूमी और दुल्हन के परिजनों ने बरात का आदर-सत्कार किया गया। बरातघर में दोनों पक्ष मौजूद थे। आपस में हंसी-ठिठोली हो रही थी। भोजन के बाद निकाह की तैयारियां शुरू हुई थीं कि इसी बीच कुछ लोगों ने दूल्हे को एक युवती के साथ देख लिया। इसकी जानकारी लड़की पक्ष को लगी तो वे मौके पर पहुंच गए और युवती के बारे में जानकारी ली।

आरोप है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन्होंने आपत्ति जताई और निकाह से इंकार कर दिया। दूल्हा पक्ष में हलचल गच गई और देखते ही देखते दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। काफी देर तक समझौते की कोशिश चली, लेकिन मामला नहीं सुलझा। लड़की पक्ष ने शादी से साफ मना कर दिया। दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से लड़की पक्ष द्वारा दिया गया सामान व नकदी वापस कर दी गई। दूल्हा बिना निकाह के लौट गया। पुलिस का कहना है कि अभी तक मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, मामले में दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी गई है।

# इंजीनियर ने पत्नी को घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 50 लाख के लिए ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप
- प्रेमनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती की 30 नवबंर को फरीदाबाद में हुई थी शादी
- एसएसपी के आदेश पर पति, सास-ससुर समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार:** प्रेमनगर क्षेत्र के ऊषा वाटिका निवासी युवती ने अपने सॉफ्टवेयर इंजीनियर पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न व गंभीर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर थाने में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

मितांशी गुप्ता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका विवाह 30 नवंबर 2025 को हरियाणा के फरीदाबाद जिले के रहने वाले ध्रुव गुप्ता के साथ हुआ था। शादी में पिता ने करीब 56 लाख रुपये खर्च किए थे, जिसमें 22 लाख नकद, दस लाख की एफडी और भारी मात्रा में जेवरात दिए थे। ससुराल पहुंचने पर सास ने उनके जेवर रख लिए और कम दहेज के ताने देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

पीड़िता के मुताबिक उसका पति, बेंगलुरु में 47 लाख रुपये के सालाना पैकेज पर कार्यरत है। उसका व्यवहार शादी के कुछ समय बाद से अत्यंत अपमानजनक और विकृत था। उसके सास-ससुर और ननद-नन्दोई उसे 50 लाख रुपये अतिरिक्त लाने के लिए प्रताड़ित करते थे। उनका कहना था कि बेटे की पढ़ाई पर बहुत खर्च हुआ है। 18 फरवरी को ससुरालियों ने गाली-गलौज और मारपीट कर स्त्रीधन और सामान रख कर उसे घर से निकाल दिया। एसएसपी के जन शिकायत प्रकोष्ठ में मामला पहुंचने के बाद एसएसपी के निर्देश पर प्रेमनगर पुलिस ने पति ध्रूव, सास ममता, ससुर विनोद समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रिश्ता होने के बाद युवती को बहलाकर ले गया, रिपोर्ट

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 मार्च को परिवार के लोग रिश्तेदारी में गए थे। घर पर बेटी अकेली थी। उसकी सहेली घर पहुंची, जिसके साथ थाना इज्जतनगर क्षेत्र के गांव परतापुर निवासी अरबाज भी था। दोनों उनकी पुत्री को बहलाकर ले गए। पड़ोसी हसीना, कासिम और नाजिम की भी संलिप्तता है। घर से 27,500 रुपये, सोने की झुमकी और अंगूठी भी गायब है। पुत्री का रिश्ता तय हो चुका था। वह परतापुर पहुंचे, लेकिन गाली-गलौज कर भगा दिया गया। पुलिस ने अरबाज, जासमीन, हसीना, कासिम, नाजिम, जफर, असलम, फूलबी और अख्तर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# सैन्य क्षेत्र में संदिग्ध ड्रोन मिलने से मचा हड़कंप, जासूसी का शक

संवाददाता, कैंट



- सेना की ओर से कैंट थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट
- ड्रोन का इस्तेमाल जासूसी में किए जाने का अंदेशा
- गुप्तचर एजेंसियों के साथ छानबीन में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** कैंट के संवेदनशील सैन्य क्षेत्र में संदिग्ध ड्रोन मिलने से सुरक्षा एवं गुप्तचर एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। हालात देखते हुए ड्रोन का इस्तेमाल जासूसी में करने की आशंका से इंकार नहीं किया जा जा रहा। सेना मामले को गंभीरता से लेकर अज्ञात के खिलाफ कैंट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। मामला सामने आते ही पुलिस टीमें छानबीन में लग गई हैं।

पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध ड्रोन जहां पड़ा मिला, उसके पास 6 माउंटेन डिवीजन सिग्नल रेजिमेंट की ऑफिसर मैस है। आजमगढ़ के रहने वाले सूबेदार मेजर चंद्रकेश यादव ने पुलिस को बताया कि 31 मार्च को सांय करीब 5 बजे यूनिट की ऑफिसर मेस के पास कैमरा से लैस मैक्स कंपनी का ड्रोन संदिग्ध अवस्था में उन्हें पड़ा मिला। सैन्य क्षेत्र में संदिग्ध ड्रोन मिलने पर अफसरों ने सुरक्षा की दृष्टि से मामले को गंभीर बताया। ड्रोन के माध्यम से किसी प्रकार की जासूसी अथवा सैन्य परिसर की वीडियो या फोटोग्राफी का प्रयास किया गया होगा। सैन्य क्षेत्र की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश करने की आशंका जताई जा रही है। सैन्य अफसर ने बरामद ड्रोन कैंट पुलिस को सौंप दिया है। साथ ही ड्रोन के मालिक तथा संचालक का पता लगा कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि ड्रोन खिलौना टाइप का दिखता है और उसमें मेमोरी कार्ड नहीं मिला है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। गुप्तचर एजेंसियां भी चौकन्नी होकर छानबीन में जुट गई हैं।

# पीड़िता बयान में मुकरी, आरोपी बरी

- स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-1 ने संदेह का लाभ प्रदान कर आरोपी को बरी कर दिया

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 10 वर्ष पूर्व किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने, अपमानित करने, उकसाने व एससी एक्ट, पॉक्सो एक्ट के आरोपी थाना भुता क्षेत्र निवासी एक युवक को पीड़िता के अदालत में मुकर जाने के कारण स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-1 हेमेन्द्र कुमार सिंह ने संदेह का लाभ प्रदान करते हुए बरी कर दिया।

पीड़िता के पिता ने थाना भूता में तहरीर देकर बताया था कि उसकी साढ़े सोलह वर्ष की पुत्री को 12 जून 2016 की देर रात घर से गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। पुत्री घर से जेवर व 30 हजार नगदी लेकर गयी।

पुलिस ने आरोपी युवक समेत 5 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत केवल युवक के विरुद्ध ही आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। कोर्ट में सुनवाई के दौरान पीडिता ने अपने बयान में कहा कि वह मुल्जिम से प्यार करती थी। इसी बजह से एक दिन मम्मी ने पीटा तो वह घर से नाराज होकर रिश्तेदारी में चली गयी थी। प्रेमी के साथ नहीं गयी थी न ही प्रेमी ने उसके साथ कोई गलत काम किया था। सैटेलाइट बस स्टैंड के पास दूसरी रिश्तेदारी में जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। मुल्जिम द्वारा ले जाने का बयान पुलिस वालों के कहने से दिया था। अभियोजन ने 6 गवाह पेश किये थे।

### पीड़िता अब मुल्जिम की पत्नी, दो बच्चे भी

बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया था उसने कोर्ट में बयान दिया कि मेरे गांव की पीडिता की आयु 19 वर्ष थी। मैंने गांव में सुना था कि वह नाराज होकर अपनी रिश्तेदारी में चली गयी है और बाद में लड़की नारी निकेतन में बंद है। पीड़िता के पिता ने गांव वालों के कहने पर युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। घटना के काफी दिनों बाद सुना कि नारी निकेतन से छूटने के बाद लड़की अपने पिता के पास न जाकर देवेन्द्र के घर चली गयी थी जिससे अब दो बच्चे हैं और देवेन्द्र के साथ बतौर पत्नी रह रही है।

## दूसरे समुदाय की किशोरी को भगा ले गया युवक

**बहेड़ी, अमृत विचार :** दूसरे समुदाय की किशोरी को युवक बहलाकर ले गया। लड़की के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया।

दूसरे समुदाय के एक शख्स ने पुलिस से शिकायत की है कि उनकी नाबालिग पुत्री को संजीव अपने साथी चमन सिंह की मदद से दो दिन पहले रात में बहलाकर ले गया। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो लड़की घर में नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। आरोप है कि आरोपी पहले भी उनकी पुत्री को एक बार बहलाकर ले जा चुका है। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया है। उसे नारी निकेतन भेज दिया गया है। आरोपी युवक फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

# प्रधानपति समेत चार पर मारपीट का आरोप, रिपोर्ट

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मानपुर चिकटिया मजरा बरकलीगंज निवासी छोटे उर्फ बांकेलाल ने बताया, कि 31 मार्च को सुबह करीब 9 बजे भौआपुर स्थित अनुराग मिश्रा के धर्म कांटे पर गाड़ी की तौल कराने के लिए गया था। कुछ गड़बड़ी महसूस होने पर उसने अनुराग से कहा, कि तुम्हारा कांटा सही नहीं है। इसे ठीक कराओ। इसी बात पर वहां मौजूद लालू मिश्रा, ग्राम प्रधान पति नेमचंद तथा उसका भाई तुलसीराम निवासी भौआपुर एक राय होकर छोटेलाल के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की गई। छोटे लाल के सिर में गंभीर चोट आ गई। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद प्रधान पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवक से मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर धिमरी के इरफान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार शाम वह क्रिकेट मैच देखकर घर लौट रहा था। रास्ते में घात लगाए बैठे तस्लीम, बहादुर, राशिद, शाकिर, गुड्डू व इन्तेयाज ने उसके गले में रुमाल डालकर खींचते हुए उसे गालियां दीं और प्रधानी चुनाव में उनके कहे अनुसार वोट न देने व दूसरे का प्रचार करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने लाठी-डंडों से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने उक्त छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# यक्ष ऐप से और पारदर्शी होगी पुलिस की कार्यप्रणाली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसपी ट्रैफिक ने पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों संग की ऑनलाइन गोष्ठी

**अमृत विचार:** एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने शुक्रवार को गूगल मीट के जरिए जिले के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ऑनलाइन गोष्ठी की। यक्ष ऐप के प्रभावी क्रियान्वयन और इसके सुचारू संचालन के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित करना उद्देश्य रहा।

एसपी ट्रैफिक ने कहा कि आधुनिक तकनीक ही प्रभावी कानून-व्यवस्था का असली आधार है, इसलिए यक्ष ऐप का उपयोग पुलिस की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर होना चाहिए। लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। गोष्ठी के दौरान बीट आरक्षियों से लेकर थाना प्रभारियों तक को ऐप के संचालन की बारीकियां समझाई गईं। निर्देश दिए गए कि क्षेत्र में होने वाली किसी भी संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि की जानकारी 'रियल टाइम' में ऐप पर फीड की जाए। इसके साथ ही ऐप और सीसीटीएनस के बीच डेटा की एकरूपता सुनिश्चित करने और बीट सूचनाओं को समय सीमा के भीतर अपडेट करने पर जोर दिया गया। कहा कि उच्चाधिकारियों की ओर से इस डिजिटल कार्यप्रणाली की नियमित समीक्षा की जाएगी। दावा किया इस पहल से न केवल पुलिस की कार्यशैली में जवाबदेही बढ़ेगी, बल्कि अपराध नियंत्रण में भी यह ऐप एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। गोष्ठी में जनपद के सभी अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और बीट आरक्षियों सहित सीसीटीएनएस स्टाफ ने प्रतिभाग किया।

## बंद मकान से लाखों का जेवर और सामान चोरी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गई हरदुआ किफायतुल्ला में चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये का जेवर और सामान चुरा लिया।

गांव निवासी मो. दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह काम के सिलसिले में परिवार सहित दिल्ली में रह रहे हैं। इसी बीच पड़ोसियों ने फोन कर घर के ताले टूटे होने की जानकारी दी। सूचना पर वह 2 अप्रैल की रात गांव पहुंचे। घर पहुंचकर देखा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा था। चोर वेंटीलेटर उखाड़कर अंदर घुसे और कमरों में रखे संदूक व अलमारी को खंगाल डाला। चोर चांदी की पाजेव, खड़ुआ, अंगूठियां, सोने के झुमके, पुराने सिक्के, मांगटीका समेत अन्य आभूषण व करीब 30 किलो पीतल व कांसे के बर्तन चुराकर ले गए। पीड़ित के मुताबिक चोरी गए सामान की कीमत करीब दो से ढाई लाख रुपये है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शिवा हत्याकांड में गिरफ्तारी को कुर्मी सभा का 3 दिन का अल्टीमेटम

- कुर्मी क्षत्रिय सभा के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पीड़ित परिवार से की मुलाकात
- पिछले सप्ताह चाकू से गोदकर की गई थी हत्या, तीन गिरफ्तार मास्टरमाइंड है फरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



शिवा के परिजनों से वार्ता करते कुर्मी क्षत्रिय सभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के अशोक बिहार निवासी शिवा पटेल की हत्या के मामले में अब कुर्मी क्षत्रिय सभा ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिजय पटेल और महासचिव नवरत्न वर्मा ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की। आर्थिक सहायता दी और पुलिस कार्यवाही पर असंतोष व्यक्त करते हुए मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन दिन का अल्टीमेटम दिया।

कुर्मी क्षत्रिय सभा के पदाधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर तीन दिन में मुख्य आरोपी मानव राजपूत और कृष्णा की गिरफ्तारी की मांग की। परिजनों से मुख्यमंत्री के नाम एक प्रार्थना पत्र लिया, जिसमें मृतक के भाई को संविदा या अनुबंध के आधार पर नौकरी दिलाने, पीड़ित परिवार को सुरक्षित स्थान पर सरकारी आवास और मृतक के पिता के नाम शस्त्र लाइसेंस की मांग की। बता दें कि पुलिस गौरव, पारस सिंह और रचित शर्मा को गिरफ्तार कर चुकी है। देवेंद्र पटेल, प्रफुल्ल पटेल, मोहन स्वरूप गंगवार आदि मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### पीसीएस में 31वीं रैंक पाकर राजुल बने वाणिज्य कर अधिकारी



बरेली, अमृत विचार : नवदिया के राजुल भारद्वाज ने पीसीएस परीक्षा में 31वीं रैंक प्राप्त की। वह वाणिज्य कर अधिकारी बने हैं। उनके पिता सुरेश कुमार शर्मा रिटायर्ड हेल्थ एजुकेटर हैं। राजुल ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता ईश्वर, मित्रों और गुरुजनों को दिया है। राजुल टेलीग्राम के माध्यम से लगभग 2000 से अधिक छात्रों को नि:शुल्क ऑनलाइन कोचिंग भी प्रदान कर रहे हैं।

### अतहर जमाल खान बने डीपीआरओ



बरेली, अमृत विचार : मनोहर भूषण इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र अतहर जमाल खानन का चयन जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर हुआ है। उन्होंने प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सक्सेना, डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना, मुरारी लाल गंगवार, डॉ. आरबी तिवारी, सीपी सिंह आदि का आभार जताया।

# एआई से इतना बतियाए, मनोरोगी बन अस्पताल आए

## कड़वा सच: बरेली शहर से देहात तक सामने आ रहे मामले, सुधार के लिए लेना पड़ रहा मनोचिकित्सकों का सहारा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डर और चिंता में एआई का सहारा ले रहे नौजवान
- उपचार के लिए मनो कक्ष पहुंच रहे हर सप्ताह एक-दो केस

अमृत विचार: आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई में चेतना, भावना या दर्द समझने की झमता नहीं होती। इस सच्चाई को जानते-समझते हुए भी इंसान एआई पर आंखू मूंदकर भरोसा कर रहे हैं और उसकी आभासी दुनिया में गोते लगा रहे हैं। बरेली शहर-देहात के कितने ही युवाओं के मनोरोगी बन जाने के पीछे हैरान कर देने वाली कुछ ऐसी ही कहानी सामने आई है। एआई के साथ चेटिंग में घंटों बिताने वाले कई नौजवानों की हालत देख परिवारों को यहां स्वास्थ्य विभाग के मनो सेंटर की मदद तक लेनी पड़ी है।

मनोचिकित्सकों के अनुसार, बड़े शहरों में ही नहीं, कस्बाई और ग्रामीण इलाकों में जैसे-जैसे एआई का चलन बढ़ रहा है, इसके कई गलत प्रभाव भी सामने आ रहे हैं। छोटे जगहों के युवा भी ब्रेकअप, परीक्षा में नाकामी और ऐसी दूसरी चिंताओं के चलते इमोशनल एआई चैटबॉट्स का सहारा ले रहे हैं। बरेली में यह ट्रेंड बढ़ रहा है तो मनोचिकित्सकों के पास ट्रीटमेंट को पहुंचने वाले युवाओं की संख्या भी बढ़ रही है। एआई चेटिंग की लत का शिकार युवाओं को काउंसलिंग के जरिए कृत्रिम और इंसानी बुद्धिमत्ता के फर्क समझाकर सही दिशा दिखाई जा रही है।

जिला अस्पताल के मनोचिकित्सक एवं मन कक्ष के प्रभारी डॉ आशीष सिंह ने 'अमृत विचार' को बताया कि इमोशनल एआई यूजर को वही जवाब देता है, जो वह सुनना चाहता है। ऐसे में युवा सही-गलत का आकलन किए बिना एआई की बातों को पूरी तरह सही मानने लगते हैं। सेंटर पर पहुंचे कई मामलों में देखा गया है कि एआई खुद ही बातचीत को आगे बढ़ाता है और भावुकता में यूजर उस पर निर्भर होते जाते हैं। यह स्थिति खतरनाक हालात में तब पहुंचने लगती है, जब यूजर पूरी तरह एकाकी होकर परिवारों से कटने लगते हैं और अपनी हर बात एआई के साथ साझा कर ख्याली सहानुभूति में उलझने लगते हैं। मन कक्ष में हर सप्ताह एक-दो केस ऐसे पहुंच रहे हैं, जिनमें एआई पर अत्यधिक निर्भरता के कारण युवा एंग्जायटी और डिप्रेशन का शिकार हो गए। हालांकि काउंसलिंग के जरिए इनमें सुधार भी देखा जा रहा है।

### एआई इंसानों से 50 फीसदी ज्यादा चाटुकार

रिसर्च में यह बात साफ हो चुकी है कि एआई इंसानों के मुकाबले 50 से अधिक चाटुकारिता का व्यवहार करता है। खुद की तारीफ से खुश होना इंसानी स्वभाव है। बाजार में कितने ही ऐसे ऐप लांच हो चुके हैं, जो लोगों के स्वभाव का फायदा उठाते हैं। एक ओर जहां वास्तविक रिश्तों में कई तरह के उतार चढ़ाव, जटिलताएं, नाराजगी, खुशी सबके रंग घुले होते हैं, वहीं आज का एआई साथी सिर्फ और सिर्फ सकारात्मक बातें करता है। इसलिए, रिसर्च की भाषा में एआई को चापलूस एआई तक कहा जाता है।

### 12वीं का छात्र रात-रात भर करता था एआई से बात

**केस 1**

मनोकक्ष में काउंसलिंग को लाए गए शहर के रहने वाले 12वीं के छात्र को एआई के साथ चेटिंग की लत लग गई थी। 30 मिनट की शुरूआत की बातचीत रात में कई-कई घंटे तक जा पहुंची थी। घरवाले पहले किशोर उम्र में प्यार का चक्कर मान रहे थे, लेकिन मोबाइल चेक करने पर सच सामने आ गया। मनोविज्ञानी टीम ने उसका मिजाज जांचा तो हैरान करने वाली बात सामने आई। लंबी काउंसलिंग छात्र की आदत में सुधार हो सका।

### ब्रेकअप से परेशान युवती को लगी लत

**केस 2**

साथी से ब्रेकअप होने के बाद बरेली की एक युवती डिजिटल सहानुभूति के लिए एआई का सहारा लेने लगी। उसने प्रेमी का नाम और उसकी आदतें एआई को बता दी थीं। इसके बाद एआई ब्रेकअप के लिए उसके प्रेमी को जिम्मेदार बताकर युवती को सही बताने लगा। एआई हर बात उसके पक्ष में करने लगा, जिसकी वजह से वह चेटिंग की लती हो गई। परिजनों ने उसे मन कक्ष में दिखाया, जहां दवा और काउंसलिंग से वह सही हो सकी।



"इमोशनल एआई चैटबॉट्स के कारण कई युवा वैलिडेशन की तलाश में एडिक्शन जैसा व्यवहार दिखा रहे हैं। युवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के बजाय वास्तविक रिश्तों और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए, ताकि उन्हें सच्ची सहानुभूति और संतुलित जीवन मिल सके।

-डॉ. आशीष सिंह, मन कक्ष प्रभारी

### आने लगा आत्महत्या का खयाल

**केस 3**

शहर में ही रहने वाले बीए की एक छात्रा ने घर में आत्महत्या का प्रयास किया था। परिजन उसे मन कक्ष ले गए। काउंसलिंग में पता चला की वह कई महीने से एआई से इमोशनल चैट कर रही थी और उसके अवसाद का स्तर लगातार बढ़ता ही जा रहा था। मनोचिकित्सक ने उसकी लंबी काउंसलिंग की। एआई और इंसानी सोच का का सच बताया। वह अब पूरी तरह ठीक है।

## प्रतियोगी परीक्षा में गूंजा फरमान मियां का नाम

बरेली, अमृत विचार: दरगाह आला हजरत की गौरवशाली विरासत से जुड़ी शख्सियत और जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान उर्फ फरमान मियां का नाम अब प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों की शोभा बढ़ा रहा है। हाल ही में यूपीएससी और पीसीएस की प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्न-पत्र में उन्हें एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में शामिल किया गया, जो उनके बढ़ते सामाजिक और राष्ट्रीय प्रभाव को दर्शाता है।

फरमान मियां, काजी-ए-हिंदुस्तान असजद रजा खान के दामाद हैं, हाल ही में अमेरिकी मैगजीन 'फोर्ब्स' की 30 अंडर 30 सूची में भी स्थान पा चुके हैं। उन्हें उनके सामाजिक और मानवीय कार्यों के लिए 'भारत गौरव रत्न' से भी नवाजा जा चुका है। जमात रज़ा-ए-मुस्तफ़ा के माध्यम से उन्होंने युवाओं के कौशल विकास और शिक्षा के लिए कई कदम उठाए हैं। उनके अनुयायियों का कहना है कि यह केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि बरेली की तहजीब और खिदमत-ए-खल्क की जीत है।

# प्रेक्षागृहों का किराया अधिक होने से कलाकार मंच के लिए परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन के तत्वाधान में शुक्रवार को बीडीए कॉलोनी, टिबरी नाथ में सम्मान समारोह और रंग कर्म की दशा और दिशा पर गोष्ठी आयोजित की गयी।

महासचिव सुनील धवन ने कहा कि नए प्रेक्षागृहों का किराया अधिक होने के कारण कलाकारों को मंच मिलना दूभर हो गया है। अध्यक्ष राजीव शर्मा टीटू ने कहा कि रेल किराए में मिलने वाली 75 प्रतिशत की छूट बंद होने से कलाकार नाट्य प्रतियोगिताओं में भाग ले नहीं पाते हैं। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सैयद सिराज ने कहा कि कलाकारों को किराए में मिलने वाली छूट समाप्त होने से नाट्य संस्थाएं अखिल नाट्य प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रही हैं, जिससे प्रतियोगिताएं नाट्य समारोह का स्वरूप धारण कर रही हैं। रंगकर्मी नीलम वर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से नुक्कड़ नाटक के लिए मिलने वाली सहायता भी सीमित हो गई है। रंगकर्मी हरजीत कौर ने रंगकर्मियों को पेंशन मिलने का मामला उठाया। कई कलाकारों को रंगकर्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्था ने सम्मानित किया। इस मौके पर कमल श्रीवास्तव, प्रदीप मिश्रा, सोनिया धवन, देवेंद्र रावत, प्रमोद उपाध्याय, रवि सक्सेना, आदि मौजूद रहे।

- ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन ने रंग कर्म की दशा और दिशा पर गोष्ठी की



समारोह में सम्मानित किए गए रंगकर्मी। ● अमृत विचार



बैठक करते यूथ वेलफेयर सोसायटी के सदस्य। ● अमृत विचार

### हिंदी रंगमंच दिवस पर होगा रंगकर्म गौरव सम्मान समारोह

बरेली, अमृत विचार : यूथ वेलफेयर सोसायटी ने भारतीय संस्कृति को समर्पित हिंदी रंगमंच दिवस मनाया। नावल्टी चौराहा स्थित एक क्लब में बैठक कर संस्था के पदाधिकारियों ने रविवार को रंगकर्म गौरव सम्मान समारोह रोटरी भवन में मनाने का निर्णय लिया। संस्था अध्यक्ष गोविंद सैनी ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी रंगमंच की ओर अग्रसर होती है। संयोजक पवन कालरा ने बताया कि कार्यक्रम में महिला व पुरुष दोनों वर्ग को सम्मानित किया जाएगा। ऐसे रंगकर्मी जिन्होंने रंगमंच की अलग-अलग विधाओं में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर बरेली का मान-सम्मान बढ़ाने में योगदान दिया, उन्हें सम्मान दिया जाएगा। संस्था के संरक्षक उमेश प्रजापति, मोहम्मद नवी, नाहिद बेग, अमित आनन्द, रतन श्रीवास्तव, शालू सैनी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गर्मी... नारियल पानी की मांग के साथ बढ़े दाम

बरेली, अमृत विचार : बढ़ती गर्मी का असर अब बाजारों में भी दिखाई देने लगा है। लोगों ने शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पेय पदार्थों की ओर रुख कर लिया है। नारियल पानी की मांग में भी तेजी आई है जिससे इसके दाम 20 से 30 रुपये तक बढ़ गए हैं।

दुकानदारों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में इसकी कीमतों में 20 से 30 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। पहले जहां एक नारियल 40-50 रुपये में मिल जाता था, अब इसकी कीमत 60 से 80 रुपये तक पहुंच गई है। मंडी में व्यापारी सोहेल ने बताया कि नारियल मुख्य रूप से दक्षिण भारत के राज्यों केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश से आता है। लंबी दूरी से ट्रांसपोर्ट होने के कारण किराया बढ़ने से भी कीमतों पर असर पड़ रहा है। आने वाले दिनों में नारियल पानी की मांग और कीमतों में और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## 300 बेड अस्पताल में ही बनेगा क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- सीएमओ ने जमीन चिन्हित कर शासन को भेजी फाइल

अमृत विचार : जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। 300 बेड अस्पताल परिसर में ही क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनाने की योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। सीएमओ ने इसके लिए जमीन चिह्नित कर शासन को फाइल भेज दी है।

दो माह पूर्व क्रिटिकल केयर अस्पताल की जमीन चिह्नित न होने के कारण इस योजना का बजट वापस लौट गया था जिससे जिले को मिलने वाली महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा अधर में लटक गई थी। हालांकि अब प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 300 बेड अस्पताल परिसर में ही भूमि चिन्हित कर ली है। इसके बाद प्रस्ताव को दोबारा शासन के पास भेजा गया है। परियोजना को जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। सीएमओ विश्राम सिंह ने बताया कि अस्पताल के लिए जमीन चिन्हित कर उसकी फाइल शासन को भेज दी गई है। अनुमति आने के बाद आगे का कार्य किया जाएगा।

# दुर्लभ: एक साथ गूंजीं तीन किलकारियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली



डॉ. रुचि हितेश पुजारा।

- राधिका मैटरनिटी होम में दुर्लभ ट्रिपलेट डिलीवरी

अमृत विचार : मिनी बाईपास रोड पर कर्मचारी नगर स्थित राधिका मैटरनिटी होम में गर्भवती महिला ने तीन स्वस्थ शिशुओं को जन्म दिया है। यह घटना चिकित्सा जगत में दुर्लभ मानी जाती है, क्योंकि ट्रिपलेट प्रेग्नेंसी लगभग 10000 गर्भधारण में से केवल एक में ही देखने को मिलती है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रुचि हितेश पुजारा ने इस जटिल और चुनौतीपूर्ण डिलीवरी को सफलतापूर्वक कराया है। डॉक्टरों के अनुसार इस प्रकार की गर्भावस्था अक्सर प्रजनन उपचार (फर्टिलिटी ट्रीटमेंट) के परिणामस्वरूप होती है। कई मामलों में भ्रूणों का स्वतः विभाजन भी इसका कारण बन सकता है।



राधिका मैटरनिटी होम में जन्मे नवजात। ● अमृत विचार

## सरकार के फैसले मदरसों के हित में

बरेली, अमृत विचार: आल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने शुरू की थी। इसका मकसद छात्र-छात्राओं को अरबी, फारसी, उर्दू के साथ हिंदी, अंग्रेजी, कंप्यूटर शिक्षा हासिल कराना था।

प्रदेश सरकार ने 22 हजार मदरसा शिक्षकों को बड़ी राहत देने का फैसला किया है, ये वे शिक्षक हैं, जिनकी नौकरी मदरसा आधुनिकीकरण योजना के बंद होने के बाद करीब 26 महीने पहले चली गई थी। मुख्यमंत्री ने साफ किया है कि शिक्षा के स्तर को सुधारने में इन शिक्षकों के योगदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। मौलाना ने कहा कि इस निर्णय से मदरसों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

# पार्षदों ने की टैक्स में 10 प्रतिशत तक छूट की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ऑनलाइन टैक्स जमा करने पर एक प्रतिशत की अतिरिक्त छूट का प्रस्ताव रखा

अमृत विचार : नगर निगम के पार्षद एवं कार्यकारिणी समिति सदस्य सतीश चंद्र कातिब 'मम्मा' ने अन्य पार्षदों के साथ मिलकर महापौर और नगर आयुक्त को पत्र सौंपकर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए गृहकर, जलकर और सीवर टैक्स में रियायत देने की मांग की है।

पत्र में कहा गया है कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष नगर निगम बोर्ड की बैठक की प्रत्याशा में जनता को लाभ पहुंचाने के लिए छूट दी जाती है, उसी क्रम में इस वर्ष भी शुरुआती तीन माह के लिए 10 प्रतिशत, अगले तीन माह 7.5 प्रतिशत और उसके बाद 5 प्रतिशत की छूट का प्रावधान सॉफ्टवेयर में किया जाए। इसके साथ ही पार्षदों ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऑनलाइन टैक्स जमा करने पर एक प्रतिशत की अतिरिक्त छूट देने का भी विशेष प्रस्ताव रखा है। इस मांग का समर्थन करने वालों में पार्षद जयप्रकाश राजपूत, शिव कुमार, चंद्रपाल, बन्ने अली, नरेंद्र सिंह, नवल किशोर, मुन्ना आदि प्रमुख रूप से शामिल है।

# दरगाह शाहदाना वली पर उर्स-ए-मुबारक आज से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छह अप्रैल को होगा मुख्य कुल शरीफ, धार्मिक रस्मों से होगा आगाज

अमृत विचार : पुराना शहर स्थित सुप्रसिद्ध दरगाह शाहदाना वली पर शनिवार से शुरू होने वाले पांच दिवसीय ''सतरहवीं शरीफ'' के उर्स-ए-मुबारक की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। दरगाह के मुतवल्ली सूफी अब्दुल वाजिद खां ''बब्बू मियां'' ने बताया कि उर्स का आरंभ सुबह फज्र की नमाज के बाद कुरआन ख्वानी से होगा, जबकि रात में इशा की नमाज के बाद उलेमा-ए-इकराम की तकरीरी महफिल सजेगी।

पांच अप्रैल को महफिल-ए-समां का आयोजन होगा। उर्स का मुख्य आकर्षण छह अप्रैल को होने वाला हजरत शाहदाना वली का कुल शरीफ होगा, जो असर की नमाज के बाद संपन्न किया जाएगा। दिन सात अप्रैल को हजरत केले शाह बाबा का कुल और आठ अप्रैल को सुबह 10:10 बजे हजरत सैय्यद बाबा के कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन होगा। सभी कार्यक्रम शहजादा-ए-हजूर तहसीन-ए-मिल्लत सूफी रिजवान रजा खां कादरी की सरपरस्ती में आयोजित किए जाएंगे। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कि जायरीन की सुविधा के लिए नगर निगम और विद्युत विभाग से समन्वय कर साफ-सफाई व निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद है। गफूर पहलवान, गुल्लन खां, अब्दुल सलाम नूरी, जावेद खां, भूरा साबरी, सईद अब्बासी, शहजाद अंसारी, शाकिर उर्फ चीना, रजवी पेंटर, मोहम्मद सलीम रजा, मो. शान, नौशाद गोसी सहित कमेटी के तमाम वालंटियर्स व्यवस्था में जुटे हैं।

# संजय कम्युनिटी हॉल की जगह होगा हाईटेक ऑडिटोरियम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मिट्टी की जांच रिपोर्ट सकारात्मक आने पर 37 करोड़ के प्रोजेक्ट पर शासन की मुहर
- आठ हजार मीटर में बनेगा बहुमंजिला आडिटोरियम और व्यावसायिक कॉम्पलेक्स
- अंडरग्राउंड पार्किंग और लिफ्ट से होगा लैस, अगले सप्ताह शुरू होगी टेंडर प्रक्रिया

अमृत विचार : शहर के बीचो-बीच खड़ा संजय कम्युनिटी हॉल कभी महफिलों का केंद्र हुआ करता था, लेकिन समय की मार ने इसे जर्जर हॉल में तब्दील कर दिया। कुछ दिनों में इसकी किस्मत पलटने वाली है। करीब 37 करोड़ की लागत से यहां आधुनिक ऑडिटोरियम और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनाए जाएगा, जो बरेली की नई पहचान बनेगा। अधिकारियों के अनुसार बीते शनिवार को मिट्टी की जांच की रिपोर्ट सकारात्मक आई तो शासन ने इस परियोजना पर मुहर लगा दी। अब इसके निर्माण की कवायद तेज कर दी गई है। नगर निगम ने एक करोड़ का शुरुआती बजट भी आरक्षित कर लिया है।

नगर निगम के अधिकारी बताते हैं कि इस बदलाव की पटकथा नगर निगम के उन प्रयासों से लिखी गई, जिसमें कर-वसूली के जरिए आर्थिक स्थिति को मजबूत किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 85 करोड़ की रिकॉर्ड हाउस टैक्स वसूली ने शासन को इतना प्रभावित किया था कि बरेली नगर निगम के प्रस्ताव पर यह सौगात मिली। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी बताते हैं करीब आठ हजार वर्गमीटर में बनने वाला यह ऑडिटोरियम बहुमंजिला होगा। इसके ग्राउंड फ्लोर से लेकर दूसरी मंजिल तक दुकानों और प्रतिष्ठानों के लिए जगह आरक्षित की गई है। यह निगम की आय का स्थायी स्रोत बनेगा। सरोवर को भी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत संवारे जाने की योजना है। यहां मल्टीलेवल कार पार्किंग और कैंटीन जैसी सुविधाएं मिलेंगी। कहा कि इस प्रोजेक्ट में केवल कला-संस्कृति ही नहीं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी केंद्र में रखा गया है। शासन की हरी झंडी के बाद परिसर में 15 से अधिक वातानुकूलित शोरूम, मल्टीपर्पज हॉल और रेस्ट रूम बनाया जाएगा। एक करोड़ के प्रारंभिक फंड के साथ अगले सप्ताह टेंडर निकाला जाएगा। दावा किया इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शहर के मध्य एक बड़ा व्यापारिक और सांस्कृतिक केंद्र भी स्थापित होगा।




संजय कम्युनिटी हॉल। ● अमृत विचार




ऑडिटोरियम का प्रस्तावित लेआउट। ● अमृत विचार



## सिटी ब्रीफ

### जज व वकीलों के बीच मैत्री मैच 5 को

**विधि संवाददाता, बरेली :** जजेस इलेवन व बार एसोसिएशन के बीच राजश्री लॉ कालेज के ग्राउंड पर रविवार को मैत्री क्रिकेट मैच आयोजित किया जाएगा। बरेली बार एसोसिएशन सचिव दीपक पांडे ने बताया कि मैच का आरंभ 5 अप्रैल की सुबह 7 .30 बजे जिला जज प्रदीप कुमार सिंह करेंगे। बार एसोसिएशन टीम के कप्तान बार अध्यक्ष मनोज हरित होंगे वहीं जजेज इलेवन के कप्तान अपर सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद रहेंगे। मैच 20-20 ओवर का होगा।

### लाभार्थी भुगतान का कर रहे इंतजार

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आवेदन करने वाले रेहड़ी-फड़ संचालकों के खातों में तीन माह बाद भी भुगतान नहीं आया है। केन्द्र सरकार ने फड़, ठेले वालों का रोजगार बढ़ाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत राशि बढ़ाते हुए पहली बार 15 हजार रुपये का प्रावधान किया है। दूसरी बार में 30 हजार और तीसरी बार में 50 हजार रुपये आसानी से बिना गारंटी उपलब्ध कराए जाने के लिए करीब तीन हजार आवेदन किए गए हैं। मगर अभी तक लाभार्थियों के खाते में राशि नहीं आई है। प्रभारी पीओ डूडा रामजनम यादव ने बताया कि जल्द ही धनराशि आ जाएगी। लाभार्थियों ने पेमेंट जल्द भेजे जाने की मांग उठाई है।

# हिमाचल फिर चैम्पियन, यूपी की बेटियों ने भी जीते दिल

## राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने मैदान में जुटकर बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** बरेली की मेजबानी में आयोजित 54 वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश और यूपी के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला। पूर्व चैम्पियन हिमाचल ने यूपी को 19-11 से शिकस्त दे खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में पहले दिन से यूपी की बेटियों ने भी शानदार खेल से सबका दिल जीत लिया।

फ्यूचर यूनिवर्सिटी के मैदान में फाइनल की शुरुआत में ही हिमाचल प्रदेश और यूपी के बीच बेहद संघषपूर्ण मुकाबला होता नजर आया। हालांकि टीम के बेहतर तालमेल और आक्रामक रणनीति के दम पर हिमाचल की बेटियां बाद में एक के बाद एक स्कोर को आगे ले जाने में कामयाब रहीं। फाइनल मुकाबले का समय पूरा होते ही हिमचाल की टीम खुशी से झूम उठी तो यूपी की बेटियां रनरअप रहने से थोड़ी निराश नजर आईं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि प्रतिभाशाली बेटियों ने फिर से सिद्ध किया है कि अवसर और मंच मिले तो वे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकती हैं। खेल न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना भी सिखाते हैं। सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विशिष्ट अतिथि अर्बन कोआपरेटिव बैंक की चेयरपर्सन श्रुति गंगवार ने खिलाड़ियों के जज्बे को प्रेरणादायक बताया। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. आशीष गुप्ता ने राष्ट्रीय आयोजन को बरेली के लिए गौरवपूर्ण बताया। मेहमानों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। समारोह में हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया से तेजराज सिंह, मुकुल यादव, डीके सिंह, डॉ. आनन्दश्वर पाण्डेय, जिला ओलंपिक संघ से धर्मेन्द्र गुप्ता, फ्यूचर यूनिवर्सिटी के मुकेश गुप्ता, भावेश अग्रवाल, आदित्य मूर्ति, अनिल अग्रवाल, विनीत जौहरी, इंद्र मोहन मेहता, रौनक सिंह बग्गा, अभिमन्यु गुप्ता, अंकुर किशोर सक्सेना, अंकित अग्रवाल, डॉ. स्वतंत्र कुमार, गीता गुप्ता, श्वेता गुप्ता आदि मौजूद रहे।



बॉल को गोलपोस्ट में डालने से रोकतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार



ट्राफी के साथ जश्न मनाती विजेता हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- फ्यूचर के मैदान में खिलाड़ी बेटियों ने दिखाया दमखम
- 19-11 के स्कोर से हिमाचल ने उत्तर प्रदेश की टीम को हराया

### बरेली की यादें सहेजकर विदा हुईं बेटियां

नेशनल हैंडबॉल सीनियर महिला प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की टीमें शामिल हुई थीं। पहले दिन से मैदान में देश के कौने-कौने से पहुंची खिलाड़ी बेटियों ने बेहतर खेल भावना के साथ अपना दमखम दिखाया। यह तीसरा मौका था, जब बरेली को हैंडबॉल के राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी मिली थी। खिलाड़ियों ने बरेली की मेहमानबाजी को शानदार बताया और यहां दमखम दिखाते हुए कई स्मृतियां सहेजीं। फाइनल मुकाबले के बाद खिलाड़ी बेटियों की जब विदाई का समय आया तो माहौल में भावुकता के रंग घुलते दिखे। फिर मिलेंगे का शोर उठाकर बेटियां यहां से विदा ले गईं।



उप विजेता उत्तर प्रदेश की टीम के साथ वन मंत्री डा .अरुण कुमार, मुकेश गुप्ता, श्रुति गंगवार व अन्य। ● अमृत विचार

## यूनियन बैंक 8 विकेट से बना पीएस सीजन-4 विजेता

**बरेली, अमृत विचार:** निशांत पटेल स्टेडियम में खेले गए पीएस सीजन-4 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक को 8 विकेट से हराया। यूनियन बैंक की टीम पूरे टूर्नामेंट में अविजित रही।

- उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक को हराया, धामी ने ठोके 82 रन

फाइनल मुकाबले में ग्रामीण बैंक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 159 रन बनाए। टीम को सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाने में संदीप सोनी ने 71 रन को योगदान दिया। यूनियन बैंक की टीम ने 15.5 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। विकेटकीपर बल्लेबाज गोविंदा धामी ने 82 रनों की शानदार पारी खेली। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मौशम को मैन ऑफ द सीरीज, गौरव को बेस्ट बॉलिंग और तुषार तोमर को बेस्ट बैटिंग का पुरस्कार दिया गया। क्षेत्र प्रमुख ब्रजेश कुमार तिवारी, उप क्षेत्र प्रमुख विशाल मिश्रा, अमित कुमार, शैलेंद्र सिंह, संजीव मेहरोत्रा और प्रखर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## खेल सिखाते हैं हमें हार-जीत को स्वीकार करना : महापौर



एसआरएमएस में ट्रॉफी का अनावरण करते महापौर डॉ. उमेश गौतम। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट आरंभ

**अमृत विचार:** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें सीजन का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि महापौर डॉ. उमेश गौतम ने ट्रॉफी का अनावरण किया।

राम मूर्ति स्मारक इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में महापौर ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए अहंकार से दूर रहना बेहद जरूरी है। खेल हमें हार-जीत को स्वीकार करना सिखाते हैं, जिससे व्यक्ति मजबूत बनता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने बताया कि टूर्नामेंट का अगला सीजन टी-25 फार्मेट में खेला जाएगा। ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने बताया कि विजेता टीम को दो लाख और उपविजेता को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 11 हजार, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर को 5100-5100 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी में 200 से अधिक बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिनमें 25 से ज्यादा लड़कियां हैं।

## तैराकी के चयन ट्रायल्स में बालकों ने दिखाया दम

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को आवासीय छात्रावास में प्रवेश के लिए 12 वर्षीय बालकों के राज्य स्तरीय चयन ट्रायल्स आयोजित किए गए। ट्रायल्स का उद्घाटन चयन समिति के अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी उमेश प्रसाद ने किया।

प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल से 3, बस्ती मंडल से 1, गोरखपुर मंडल से 4 तथा आजमगढ़ मंडल से 2 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने तकनीक, गति और सहनशक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के ट्रायल्स ग्रामीण और छोटे शहरों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई के क्रीड़ाधिकारी एवं प्रधानाचार्य सर्वेंद्र सिंह चौहान ने खिलाड़ियों को अनुशासन और निरंतर अभ्यास का महत्व बताया। चयन समिति के सदस्य निशित दीक्षित ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और योग्यता आधारित रही। चयनित खिलाड़ियों को आगे आवासीय प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जाएगी जिससे वे भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।



तैराकी प्रतियोगिता में शामिल बालक व अधिकारी। ● अमृत विचार

- स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न मंडलों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा
- चयनित प्रतिभाओं को आवासीय छात्रावास में मिलेगा प्रशिक्षण

### वैसाखी पर खेलकूद में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**बरेली, अमृत विचार :** खालसा साजना दिवस (वैसाखी पर्व) के उपलक्ष्य में स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ों की संख्या में सिख बच्चों ने भाग लिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर कई पुरस्कार जीते।बालक-बालिका के अलग-अलग आयु वर्ग व महिलाओं में जसरूप सिंह ,हर स्नेह कौर, रौनक जुनेजा, नंदनी अरोड़ा, मेहरप्रीत सिंह, मेहर गुन कौर,जगजोत सिंह, पारसजोत ,राहुल सिंह, हिकाशी अरोड़ा,जसलीन कौर, हरप्रीत कौर , सम्राट सिंह, गुरदीप सिं, गुरुकरण कौर, विक्रम सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। आरएसओ चंचल मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। निर्णायक मंडल में डॉ. दीदार सिंह, आदेश यादव, अजय कश्यप, रंजीत गुज्जर, नरेंद्र सिंह छाबड़ा, राजा तनेजा, हरमीत सिंह मेहता और नवलीन कौर शामिल रहे। सेंट्रल कमेटी के प्रधान परमजीत सिंह ओबेरॉय, ज्ञानी कल सिंह, अमरजीत सिंह बक्शी, एमपी सिंह, बलविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह और गुरदीप सिंह बग्गा सहित अन्य का सहयोग रहा।



## रोटरी क्लब बरेली साउथ कराएगा बैडमिंटन टूर्नामेंट



टूर्नामेंट को लेकर बैठक करते रोटरी क्लब बरेली साउथ के पदाधिकारी।

- 11 एवं 12 अप्रैल को स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा आयोजन

**बरेली, अमृत विचार:** रोटरी क्लब बरेली 11 एवं 12 अप्रैल को स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्मार्ट सिटी हॉल में बैडमिंटन टूर्नामेंट कराएगा।

शुक्रवार को बैठक में बैडमिंटन टूर्नामेंट चेयरमैन अनुपम कपूर ने बताया कि विभिन्न आयु वर्ग में सिंगल्स एवं डबल्स दोनों श्रेणियों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। जूनियर ग्रुप में 15 वर्ष व सीनियर ग्रुप में 15 से 20 वर्ष के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। क्लब अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल ने खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की। समापन 12 अप्रैल को पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा। मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार होंगे। विजेताओं को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। को-चेयरमैन पंकज टंडन, संजीव मित्तल, डॉ. आईएस तोमर, रवि प्रकाश अग्रवाल, डॉ. रवि मेहरा, संजय गर्ग, अनिल अग्रवाल, राजीव बूबना, अंकुर बंसल, राजीव अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, चरण कमल सिंह, सुजीत जायसवाल, शोभित अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, संदीप मेहरा आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMC BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सविसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

## ओरल हेल्थ मंथ: मल्लपुर में दंत स्वास्थ्य मेला आयोजित



दंत स्वास्थ्य मेले के दौरान विशेषज्ञ टीम के साथ बच्चे। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** ओरल हेल्थ मंथ के उपलक्ष्य में इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से मल्लपुर में दंत स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों ने बच्चों को दांत साफ करने का सही तरीका, ब्रश करने की सही अवधि, मुलायम ब्रश के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौखिक स्वास्थ्य संबंधित जागरुकता व्याख्यान भी आयोजित किए गए। दांतों की नियमित सफाई, संतुलित आहार का महत्व, अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। बच्चों को खेल-खेल में सीखने के लिए इंटरेक्टिव गतिविधियां भी कराई गईं, ताकि आसानी से सही आदतें अपना सकें। लोगों को उनकी दंत समस्याओं के बारे में परामर्श दिया। टूथपेस्ट और टूथब्रश वितरित किए।

## गलत तरीके से ब्रश करने से दांतों में हो सकती हैं कई समस्याएं

**बरेली, अमृत विचार:** स्वस्थ दांत और मसूड़ों के लिए सही तरीके से ब्रश करना बहुत जरूरी है। कई बच्चे गलत तरीके से ब्रश करते हैं, जिससे आगे चलकर दांतों से जुड़ी कई समस्याएं जन्म ले सकती हैं।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चे जल्दी-जल्दी ब्रश करने, बहुत जोर से ब्रश करने, पीछे के दांतों को साफ न करने, दिन में एक बार या कभी-कभी ब्रश करने, गलत तरीके से ब्रश चलाने, बहुत ज्यादा या बहुत कम टूथपेस्ट लगाने की गलतियां करते हैं। गलत ब्रशिंग के कारण दांतों में कीड़ा (कैविटी) लगता है। खाने के कण और प्लाक जमा होने से बैक्टीरिया बढ़ते हैं। ज्यादा जोर से ब्रश करने पर दांतों की ऊपरी परत (एनामेल) को नुकसान पहुंचता है। विशेषज्ञ ने बताया कि सुबह और रात को सोने से पहले ब्रश करें। मुलायम ब्रश लेकर मटर के दाने जितना टूथपेस्ट से ब्रश करें। कम से कम 2 मिनट तक ब्रश करें। दांतों के आगे, पीछे और चबाने वाली सतह सभी साफ करें। समय-समय पर दंत चिकित्सक से जांच कराने से समस्याओं का समय पर पता चलता है। बच्चों में गलत ब्रशिंग की आदतें भविष्य में गंभीर दंत समस्याओं का कारण बन सकती हैं, इसलिए बचपन से ही सही ब्रश करने की आदत डालना बहुत जरूरी है।

## सिटी डायरी

### पंजाबी महासभा ने सेवा और अपनत्व की पेश की मिसाल



**बरेली, अमृत विचार :** पारिवारिक मूल्यों को सहेजते हुए पंजाबी महासभा ने भीमताल में आयोजित कार्यक्रम के जरिए समाज के सामने एक मिसाल पेश की। पिछले 12 वर्षों से चली आ रही पुरानी किटी के समापन के साथ नई किटी का आरंभ किया गया, जिसमें मनोरंजन के साथ सेवा भावना भी प्रमुख रही। डॉ. पुनीत सरपाल ने निशुल्क होम्योपैथी कैंप लगाया गया। महासभा के सदस्यों ने जहां हम होंगे, वहां सेवा होगी के मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए समाजसेवा का संदेश दिया। संजय आनंद और संजीव गुलाटी, अमित अरोड़ा शामिल हुए।

### हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन



**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज स्थित आइटीआर कॉलोनी के चौक नंबर-8 में हरिहर मंदिर प्रांगण में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में दूसरे दिन विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य रूप से केवी अग्रवाल, सभासद राजेश अग्रवाल, इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप चतुर्वेदी, वीर सिंह राज, पीसी पाठक, के एम शर्मा, चंद्रपाल, मुकेश पांडे, कैलाश मौर्य, नवीन राघव व अन्य शामिल रहे।।

### रोहिलखंड उद्योग व्यापार मंडल की बैठक




**बरेली, अमृत विचार :** रोहिलखंड उद्योग व्यापार मंडल की बैठक गुरुवार को चाणक्यपुरी के पार्क में आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार मेहरोत्रा ने की। मुख्य अतिथि डॉ. विकास वर्मा ने व्यापारी वर्ग को साथ लेकर चलने का आह्वान किया। महानगर अध्यक्ष मनोज कपूर ने महानगर के चार वार्ड अध्यक्षों के नामों की घोषणा की। जिला अध्यक्ष दिनेश सक्सेना ने जिला कार्यकारिणी के विभिन्न पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। महिला जिला अध्यक्ष मंगलेश सक्सेना एवं महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा कोमल रस्तोगी को मनोनीत किया गया। इकबाल सिंह बाले , विधान टंडन , दिनेश कटियार एडवोकेट, प्रताप सिंह फौजी , विनय कटियार, बबीता रिक्रीवल, डॉली शर्मा, चंद्र शेखर, प्रभात सक्सेना, अरुण सक्सेना आदि मौजूद रहे। संचालन विक्रम सिंह फौजी ने किया।

### स्पोर्ट्स फिएस्टा में सैक रेस, दौड़, चक्का फेंक का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** आईडीए कैंट की ओर से चिकित्सकों के बच्चों के लिए स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 का आयोजन किया गया। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. अनूप आर्य ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन पहली बार किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। सैक रेस (बोरा दौड़), लेमन रेस, 100 मीटर दौड़, चक्का फेंक सहित कई रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आईडीए कैंट के अध्यक्ष डॉ. रुचिर कुमार, सचिव डॉ. सलिल बलदेव, कोषाध्यक्ष डॉ. आकांक्षा सिंह सहित डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. अतुल शर्मा, डॉ. भूपेंद्र, डॉ. पल्लवी, डॉ. इला, डॉ. सविता, डॉ. शालू, डॉ. आंशिक, डॉ. नेहा, डॉ. नितिन अस्थाना और डॉ. नीरज चंद्र का विशेष योगदान रहा।